हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026
[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557



# जतमई-घटारानी में पर्यटकों व श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

## शबाब पर घटारानी का झरना, आस्था और प्राकृतिक वादियों का अनूठा संगम





बारिश के मौसम ने राजिम अंचल के प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थल जतमई-घटारानी की रौनक कई गुना बढ़ा दी है। रविवार का दिन मानो पिकनिक और सैर-सपाटे का दिन बन गया है। सुबह से ही राजिम होकर दोपहिया और चारपहिया वाहनों का लंबा काफिला जतमई-घटारानी की ओर बढ़ता नजर आया। सैकड़ों की संख्या में पर्यटक, श्रद्धालु और प्रकृति प्रेमी यहां पहुंचे और पूरे दिन क्षेत्र गुलजार रहा। घने जंगलों, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों और मनमोहक प्राकृतिक वादियों के बीच विराजमान मां जतमई और मां घटारानी के दरबार में इन दिनों आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं, वहीं पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। बारिश के चलते घटारानी का प्रसिद्ध झरना पूरे शबाब पर है। पहाड़ों से कल-कल बहता निर्मल जल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। झरने के आसपास का हरा-भरा वातावरण, ठंडी हवाएं और प्राकृतिक नजारे हर किसी का मन मोह रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग झरने के पास पहुंचकर यादगार पल कैमरे में कैद करते नजर आए। वहीं मां जतमई मंदिर में भी दिनभर श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे-जैसे बारिश बढ़ेगी, जतमई-घटारानी की खूबसूरती और निखरेगी तथा आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है। प्रशासन और स्थानीय लोगों ने भी पर्यटकों से अपील की है कि वे प्राकृतिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखें, झरनों के पास सावधानी बरतें तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें। बारिश, हरियाली, कल-कल बहते झरने और मां जतमई-घटारानी की दिव्य आस्था का संगम इन दिनों इस क्षेत्र को एक बार फिर छत्तीसगढ़ के सबसे आकर्षक पर्यटन स्थलों में शामिल कर रहा है।

## खबर संक्षेप



### अटल चौक पर कचरों का ढेर

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के प्राथमिक शाला के सामने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपयी के नाम से बनया गया अटल चौक में कचरो का ढेर लगा हुआ है। आज केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है तहसील मुख्यालय में तमाम विभाग के आला अधिकारियों के रहने के बावजूद अटल चौक की सुध लेने वाला कोई नहीं है और तो और अटल चौक में कचरों के ढेर को साफ कराने स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल आज अमलीपदर में

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम अमलीपदर भगवान जगन्नाथ मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चना करने छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 27 जुलाई दिन सोमवार को पहुंचेगें। वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन को लेकर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है जगह-जगह उनके जोरदार स्वागत की तैयारी किया जा रहा है धवलपुर, मैनपुर, इंदागांव, धुर्वागुड़ी अमलीपदर में जोरदार स्वागत किया जायेगा। भुपेश बघेल के आगमन को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा जोरदार तैयारी किया जा रहा है मैनपुर नगर में दोपहर 01 बजे भूपेश बघेल का हमर मैनपुर चौक दुर्गामंच के पास भव्य स्वागत किया जायेगा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने समस्त काग्रेस कार्यकर्ताओ से स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।



### पुष्पराज नेताम का संभाग स्तरीय क्रिकेट में चयन

**रसेला।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरूवामुड़ा के कक्षा 7वी के छात्र पुष्पराज नेताम का चयन संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता क्रिकेट के 14 वर्ष आयु वर्ग के लिए हुआ है। पुष्पराज ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा के उप सरपंच राधेश्याम नेताम के सुपुत्र हैं। क्रिकेट की बारीकी सिखाने का श्रेय संस्था के खेल प्रभारी शिक्षक मोहम्मद अनवर को जाता है जिनके निरंतर प्रयास से इस स्कूल से 4 छात्राएं पहले भी क्रिकेट में राज्य स्तर पर खेल चुकी हैं। प्रधान पाठक श्री गैंद लाल कंवर जी के सहयोग से बच्चे लगातार आगे बढ़ रहे हैं। सरपंच यमुना मरकाम और वरिष्ठ नागरिक भीखम मरकाम के साथ समस्त ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा के लोगों के साथ कोच युनुस खान ब्लॉक नोडल डोमेश्वर ध्रुव, पूरन लाल साहू पीटीआई सहित छुरा के सभी पीटीआई ने पुष्पराज नेताम को शुभकामनाएं दी है।



**मांग :** युवक की हत्या की आशंका, परिजन ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# मड़वाडिही नाले में मिले युवक के शव की पहचान भिलाई के अनूप के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा-बेलर/फिंगेश्वर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वाडिही सरगी नाला के पास 14 जुलाई को इंटेकवेल के पानी में मिली एक अज्ञात युवक की सड़ी-गली लाश का मामला अब एक नया मोड़ ले चुका है। घटना के लगभग 12 दिन बाद दुर्ग-भिलाई से पहुंचे परिजनों ने दावा किया है कि वह शव भिलाई निवासी अनूप ठाकरे का है। परिजनों ने शव की पहचान फोटो में दिख रहे बालों, दाढ़ी और हाथ में पहने कड़े के आधार पर की है। परिजनों ने फिंगेश्वर थाना पुलिस को दी गई जानकारी में बताया कि अनूप ठाकरे बीते 11 जुलाई 2026 को अपने दोस्त आशीष राणा के साथ जगन्नाथ पुरी की यात्रा के लिए घर से निकला था। हालांकि, अगले दिन से ही उसका मोबाइल फोन बंद आने लगा। जब परिजनों ने दोस्त आशीष से पूछताछ की, तो उसने बताया कि यात्रा रद्द हो गई थी और उसने अनूप को रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया था। इसके बाद से अनूप का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था।

- 11 जुलाई को पुरी के लिए निकला था युवक





### पुलिस हर पहलू पर कर रही है गहन जांच

फिंगेश्वर थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम ने बताया कि परिजनों द्वारा बताए गए साक्ष्यों के आधार पर शव की शिनाख्त भिलाई के अनूप ठाकरे के रूप में की गई है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्या, दुर्घटना और अन्य सभी संभावित पहलुओं से बारीकी से जांच कर रही है। मौत के असल कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों के मिलने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल, इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं का बाजार गर्म है।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

25 जुलाई को फिंगेश्वर थाना पहुंचे परिजनों ने शव अनूप का होने का दावा करते हुए गंभीर हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि पुरी यात्रा के बहाने अनूप को फिंगेश्वर क्षेत्र लाया गया, जहां उसकी निर्मम हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को नाले में फेंका गया। परिजनों ने पुलिस से मांग की है कि इस बात की गहराई से जांच हो कि अनूप भिलाई से फिंगेश्वर तक कैसे पहुंचा, उस दौरान उसके साथ कौन-कौन लोग थे, और उसकी मौत पानी में डूबने से हुई या उसे जानबूझकर डुबोया गया।

### चरौदा स्टेशन पर मिला सामान और फिंगेश्वर तक के सुराग

मामला तब और संदिग्ध हो गया जब 21 जुलाई को चरौदा रेलवे स्टेशन से आरपीएफ/जीआरपी को अनूप का बैग, मोबाइल और अन्य सामान मिलने की सूचना मिली। मोबाइल की तकनीकी जांच करने पर उसमें आशीष के साथ उसकी तस्वीरें पाई गईं, और फोन की अंतिम लोकेशन फिंगेश्वर क्षेत्र के बोरसी गांव के आसपास ट्रेस हुई। इसी आधार पर परिजन खुद जानकारी जुटाते हुए फिंगेश्वर थाने पहुंचे।

# गांजा तस्करी के दो मामलों में नाबालिग समेत 7 गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत फिंगेश्वर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गांजा तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में एक विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग) सहित कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10.961 किलोग्राम गांजा, एक बोलेरो वाहन और मोबाइल जब्त किए गए हैं। 24 जुलाई को राजिम-महासमुंद-छुरा मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध सफेद ▸▸| शेष पेज 12 पर

# किसान मोर्चा ने सुनी पीएम की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात भाजपा किसान मोर्चा नवापारा मंडल द्वारा ग्राम पंचायत उमरपोटी में सुना गया। देशवासियों की उपलब्धियों, नवाचार, संस्कृति, सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों को समर्पित यह संवाद हम सभी को नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नई दिशा प्रदान करता है। मन की बात आज केवल एक रेडियो कार्यक्रम बस नहीं है यह राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है। यह संवाद प्रधानमंत्री जी और देश की जनता के बीच विश्वास, विचार और सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त सेतु बन चुका है। इस अवसर पर परदेशी राम साहू जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष द्विजराम साहू, सुरेश साहू, गुहाराम साहू, पीकेश्वर सिन्हा, राधेश्याम साहू, कुमार साहू, समारु साहू, दरवन साहू, विशाल सिन्हा सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

# नीलगिरि के पेड़ों से बढ़ा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



जिला मुख्यालय के सिविल लाइन क्षेत्र में कलेक्टर निवास के ठीक सामने स्थित राम-जानकी मंदिर, गौरीशंकर मंदिर एवं हनुमान मंदिर के आस-पास लगे लगभग 50 से 60 वर्ष पुराने नीलगिरी के विशाल पेड़ इन दिनों लोगों के लिये चिंता का विषय बने हुये हैं। ईन वृक्षों की बड़ी-बड़ी शाखायें अत्यधिक झुक चुकी हैं और उनके नीचे से विद्युत लाइन भी गुजर रही है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि तेज बारिश और हवा के दौरान कभी भी कोई शाखा टूटकर गिर सकती है, जिससे गंभीर दुर्घटना होने की आशंका लगातार बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्री रामजानकी मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता नरेंद्र देवांगन ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी,वन विभाग,विद्युत विभाग, एसडीएम,तहसीलदार,नगर पालिका अध्यक्ष,नगर पालिका सीएमओ तथा संबंधित वार्ड पार्षद सहित विभिन्न अधिकारियों को लिखित आवेदन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि पेड़ों की झुकी ▸▸| शेष पेज 12 पर

## सेवादल ने फहराया तिरंगा, कारगिल के अमर शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# शहीदों का बलिदान सदैव प्रेरणादायक: रामा यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम



ब्लॉक कांग्रेस सेवादल द्वारा वार्ड क्रमांक 12 में झंडा वंदन एवं कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ रेखा तिवारी द्वारा राष्ट्रध्वज फहराकर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों, सेवादल कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद सैनिकों के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थितजनों ने शहीदों के अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि कारगिल के वीर जवानों ने विषम परिस्थितियों में अद्वितीय पराक्रम का परिचय देकर मातृभूमि की रक्षा की। उनका बलिदान देशवासियों के लिए सदैव गौरव और प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा।

**एकता से अन्याय के विरुद्ध न्याय की राह होती है मजबूत-** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा ने नीट पेपर लीक प्रकरण का उल्लेख किया। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से जुड़े घटनाक्रम को छात्रों के संघर्ष, एकजुटता और लोकतांत्रिक आवाज की जीत बताया। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं एवं विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय उनकी चिंताओं को गंभीरता से सुनना और निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जागरूकता, एकता और लोकतांत्रिक संघर्ष के माध्यम से ही अन्याय के विरुद्ध न्याय की राह मजबूत होती है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीद सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पार्षदगण अर्जुन साहू, तरुण कंसारी, रामरतन निषाद, हेमंत साहनी, सुनील शर्मा, रामकुमार शर्मा, विवेक साहू, देवा सोना, भारत गोस्वामी, अल्लू चक्रधारी, संतोष चक्रधारी, भुवेश कुमार, मुकेश देवांगन, संतोष सोनकर, बाबू राजपुरोहित, अमर चक्रधारी, बादल देवांगन, दीपक देवांगन मौजूद थे।

# पीडीएस भवन और नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन



**रसेला।** ग्राम पंचायत टेगनाबासा में विभिन्न ग्रामीण व स्थानीय विकास को बढ़ावा देने के लिए पीडीएस भवन और नाली निर्माण कार्यों का पुजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। इस दौरान सरपंच राजकुमारी ध्रुव, जनपद सदस्य मुगेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच रेखचद साहू, सचिव सरोज कुमार, पंच तुलेश साहू,भगवानी ध्रुव,तिहारु राम ध्रुव, यामिनी यादव, कुंती सिन्हा, प्रमिला सिन्हा, यमुना ध्रुव, बिजली ध्रुव, ग्राम पटेल बूढान सिंह, ग्राम प्रमुख गंगाराम ध्रुव, हरिराम सिन्हा, रेवाराम ध्रुव,लखन साहू, कुंजे दीवान, राधेलाल, बरसाती सिन्हा,शिव कुमार राजपूत सहित ग्रामीण मौजूद रहे। इन निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को पक्की जल निकासी की बेहतर सुविधा और राशन वितरण के लिए सुलभ भवन मिल सकेगा। सरपंच राजकुमारी ध्रुव ने कहा नाली निर्माण से कीचड़ व जलभराव से मुक्ति मिलेगी। और गांव में स्वच्छता बनी रहेगी। इस मौके पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित ग्राम प्रमुख और ग्रामीण मौजूद रहे।

# दूरवर्ती क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ कर सकता है एआई आधारित वर्चुअल हॉस्पिटल इकोसिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एआई आधारित वर्चुअल हॉस्पिटल इकोसिस्टम छत्तीसगढ़ के ग्रामीण, आदिवासी एवं स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ कर सकता है। यूएई स्थित मल्क इंटरनेशनल समूह की डिजिटल हेल्थकेयर इकाई मल्क मेड हेल्थकेयर ने हाल ही में एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स के छत्तीसगढ़ चैप्टर के समक्ष अपने एआई आधारित वर्चुअल हॉस्पिटल इकोसिस्टम का प्रस्तुतिकरण किया।

इस आयोजन में एएचपीआई के केंद्रीय उप महानिदेशक डा. सुनील खेतरपाल, छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता, सचिव अतुल सिंघानिया मल्क मेड हेल्थकेयर के प्रतिनिधियों तथा भारत में उनके रणनीतिक सहयोगी डीवाई पाटिल समूह के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में इस बात पर विस्तार से चर्चा की गई कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म तथा मोबाइल हेल्थकेयर समाधान किस प्रकार वर्तमान अस्पतालों की सेवाओं को पूरक बनाते हुए दूरस्थ एवं चिकित्सा सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों तक विशेषज्ञ परामर्श एवं निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा सकते हैं। सचिव अतुल सिंघानिया ने बताया कि प्रस्तावित इकोसिस्टम भारत सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अनुरूप विकसित किया गया है तथा देश में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बैठक के दौरान प्रतिभागियों ने विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों तथा उन क्षेत्रों में इस तकनीक के संभावित उपयोग पर चर्चा की, जहां विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता अभी भी सीमित है।

### यूएआई की मल्क मेड ने एएचपीआई छत्तीसगढ़ के समक्ष दिया प्रस्तुतिकरण

#### स्वास्थ्य सेवाओं में प्रभावी भूमिका

बैठक के बाद एएचपीआई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियां तेजी से विकसित हो रही हैं और पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। ऐसी तकनीकें विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा जैसे आदिवासी क्षेत्रों तथा अन्य आकांक्षी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में सहायक हो सकती हैं। मल्क मेड हेल्थकेयर की मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. सना किब्रिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य अस्पतालों का स्थान लेना नहीं, बल्कि उनके साथ मिलकर कार्य करना है। एआई आधारित स्क्रीनिंग, टेलीमेडिसिन एवं डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचना के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को दूरस्थ एवं वंचित समुदायों तक पहुंचाया जा सकता है।



#### विशेष प्रौद्योगिकी फोरम का आयोजन

एएचपीआई छत्तीसगढ़ अपने सदस्य अस्पतालों के लिए एक विशेष प्रौद्योगिकी फोरम आयोजित करने पर विचार कर रहा है, जिसमें मल्क मेड हेल्थकेयर अपने प्रस्तावित वर्चुअल हॉस्पिटल इकोसिस्टम का विस्तृत प्रस्तुतीकरण करेगा।

## खबर संक्षेप

### नए स्टार्टअप के अवसरों से जुड़ेगा छत्तीसगढ़



**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से 12 से 15 अगस्त तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले भारत व्यापार महोत्सव में छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक एवं रिकार्ड भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के 26 जिलों के जिला अध्यक्ष और प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि भारत व्यापार महोत्सव केवल एक ट्रेड फेयर नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक शक्ति, स्वदेशी उद्यमिता और वैश्विक व्यापार का सबसे बड़ा संगम है। यह महोत्सव देश के व्यापारियों, उद्योगपतियों, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और युवा उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए व्यापारिक अवसरों का प्रवेश द्वार सिद्ध होगा।

### हाईवे पर हेलमेट अनिवार्य करने की मांग सीएम को लिखा पत्र

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर हाईवे पर शीघ्र हेलमेट अनिवार्य करने की मांग की है। श्री आहूजा द्वय ने कहा कि हम लगातार 7 महीने से आपसे यह मांग कर रहे हैं। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में 2023 से 2025 तक एक्सीडेंट व मृत्यु के आंकड़े 8 जनवरी को जारी किए थे, इनमें 2023 एक्सीडेंट 13468, मृत्यु 6166, 2024 एक्सीडेंट 14857, मृत्यु 6945, 2025 एक्सीडेंट 13504, मृत्यु 5955 हुए है। राज्य शासन के आदेश पर अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने 27 अप्रैल को केंद्रीय कानून एवं छत्तीसगढ़ के कानून के तहत बाइक सवार एवं सह सवार के लिए हेलमेट लगाने का आदेश जारी कर दिया था, जो रायपुर के सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। इसके बाद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हेलमेट पर कोई चर्चा नहीं की गई।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा छात्रों और विपक्ष के एकजुट संघर्ष की जीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जुहार परिवार के प्रदेशाध्यक्ष संजय नाग ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को छात्रों और विपक्ष के एकजुट संघर्ष की ऐतिहासिक जीत करार दिया है। श्री नाग ने जोरदार हमला बोलते हुए कहा, छात्रों के उग्र प्रदर्शन और विपक्ष के चौतरफा दबाव के आगे आखिरकार अहंकारी केंद्र सरकार को घुटने टेकने ही पड़े। छात्रों और विपक्ष की एकजुटता रंग लाई है, जिसने सत्ता के अहंकार को चकनाचूर कर दिया। यह इस्तीफा कोई नैतिकता नहीं, बल्कि जनआक्रोश से बचने और अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने का देर से किया गया 'डैमेज कंट्रोल' मात्र है। पेपर लीक और धांधली से करोड़ों युवाओं के भविष्य को छलने वाली सरकार सिर्फ एक इस्तीफे से अपने पाप नहीं धो सकती। युवाओं के सपनों का कत्ल करने वाले इस भ्रष्ट तंत्र का पूरा हिसाब होना अभी बाकी है।

मार्निंग और इवनिंग वॉक करने वाले हैरान

# करोड़ों खर्च कर 'बघवा' को सजाया पर अंधेरे ने कर दिया सब चौपट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संत रविदास वार्ड के रायपुरा स्थित विप्र नगर के बघवा तालाब गहरीकरण, सौंदर्यीकरण और गार्डन विकसित करने का काम 2.50 करोड़ खर्च होने के बाद भी आधा-अधूरा हो पाया है। तालाब की दशा तो सुधरी, पर पाथ-वे के आसपास लगाई गई तमाम स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं। विद्युत विभाग से मीटर और टाइमर लगाने के बाद भी स्ट्रीट लाइटें बंद होने से लोग हैरान हैं। वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने चार बार इस संबंध में जोन 8 कमिश्नर, निगम आयुक्त और महापौर मीनल चौबे को पत्र भी लिखा, इसके बाद भी बंद पड़ी लाइटों को आज तक सुधारा नहीं जा सका है। ठेका एजेंसी और निगम की मनमानी का खामियाजा वहां के रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश के सीजन में सांझ ढलते ही बघवा तालाब और उससे लगे गार्डन मे अंधेरा छाने से लोग यहां आने-जाने से कतरा रहे हैं। वहीं असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चों को यहां आने में डर सताने लगा है।

रायपुरा क्षेत्र के बघवा तालाब और उससे लगे क्षेत्र में सुंदर बगीचा विकसित करने के बाद न तो जोन 8 के अधिकारियों ने इसकी सुध ली, न ही निगम मुख्यालय से इंजीनियर कभी ये देखने आए कि तालाब वहां की स्थिति क्या है? तालाब की स्ट्रीट लाइटें बंद होने और ओपन जिम की स्थापना नहीं होने के बाद भी इसे एकतरफा हैंडओवर की हड़बड़ी की जा रही है, जबकि संबंधित जोन के अधिकारी और वार्ड पार्षद चाहते हैं कि अनुबंधित एजेंसी से पहले पूरा काम कराया जाए इसके बाद ही हेंडओवर पर विचार होगा।

**दिखवाता हूं**

रायपुरा के बघवा तालाब और उससे लगे गार्डन क्षेत्र की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, यह शिकायत संज्ञान में आई है, इसे दिखवाता हूं। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराया जाएगा।
- **संबित मिश्रा**, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

#### कहां है ओपन जिम

अमृत मिशन के अंतर्गत तालाब का काम हुआ है, इसमें ओपन जिम का भी प्रावधान है। इसके लिए तालाब के कई हिस्सों में बड़ा भूखंड भी है, लेकिन आज तक जिम के उपकरण नहीं लगे। जिम की जगह बेडमिंटन कोट जरूर बनाया गया है, पर यह सिर्फ मवेशियों के काम आ रहा है।

#### कई घरों में हो चुकी चोरी

अंधेरे और पुलिस की उदासीनता की वजह से विप्रनगर कालोनी में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस का फेरा यहां लगता ही नहीं है। वारदात होने के बाद महज खानापूर्ति जैसी ही कार्रवाई हो पाती है। ज्यादातर मामलों में महज सूचना ही दर्ज होती है, एफआईआर नहीं। पुलिस की ढिलाई की वजह से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

# पैरी नदी के पुल पर रेलिंग न होने से हादसे का आंदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





मैनपुर भाठीगढ पैरी उदगम मुख्य मार्ग में हरदीभाठा के आगे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा पैरी नदी में प्रथम पुल का निर्माण कुछ वर्ष पहले किया गया है, लेकिन पुल निर्माण के बाद रेलिंग निर्माण नहीं किए जाने से आए दिन दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है और रात के समय यहा पर कोई बिजली की व्यवस्था भी नहीं एकदम घनघोंर अंधेरा छाया रहता है कई बार इस क्षेत्र के लोगों के द्वारा इस पुल के दोनों ओर रेंलिंग निर्माण करवाने की मांग कर थक चुके है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है, जिसके कारण रात के समय इस मार्ग से आने - जाने वाले लोग अंजाने डरे और दहशत के साथ इस पुल को पार करते है। दो वर्ष पूर्व मोटर सायकल से तीन युवक मैनपुर के तरफ आ रहे थे, और एक वाहन को साईड देते समय इस पुल के नीचे 15 फीट खाई में मोटर सायकल के साथ गिर जाने से तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिसमें दो युवक का पैर टुट गया था इसके बाद इस पुल में कई दुर्घटनाए हो चूकी है। सरपंच पुष्पा नेगी जनपद सदस्य जमुना नेगी, डाकेश्वर नेगी, पूर्व सरपंच भाठीगढ़ जिलेन्द्र नेगी,, बिसेसर सिक्का, नाथूराम धुर्वा, आसाराम यादव, गजेन्द्र यादव, तुलसी नागेश लिलेश साहू, लिलेश चक्रधारी ने बताया कि इस पुल में तत्काल रेलिंग का निर्माण किया जाए क्योंकि इन दिनो लगातार बारिश के कारण पुल के उपर पानी भरने के कारण उसमें काई जम जाता है और फिसलन बढ जाता है, रात के समय आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है अंधेरा में हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है।



### भसेरा स्कूल में छात्राओं को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भसेरा में विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के उद्देश्य से साइबर कानून एवं साइबर सुरक्षा के विषय पर महिला व बाल विकास विभाग गरियाबंद एवं पुलिस थाना फिंगेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत संस्था के समस्त बालिकाओं को साइबर सुरक्षा कानून,बालिकाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रकार,ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव,सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग,व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता तथा साइबर कानूनों की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।वहीं इंटरनेट का उपयोग करते समय किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें,अपना ओ टी पी,पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देवें। इसके साथ–साथ डिजिटल माध्यमों का सदुपयोग करने और साइबर अपराधों के प्रति सदैव सतर्क का आह्वान किया गया। इस अवसर पर घनश्याम साहू, व्याख्यता धनालाल देवांगन, बालकरण गायकवाड़, अशोक साहू, अलका ध्रुव, रितु कंवर, महेश्वरी हिलवानी, हीरालाल सिन्हा उपस्थित थे।

## मांग पूरी नहीं होने पर नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ करेगा 6 और 7 अगस्त को संभागस्तरीय आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों को लेकर 6 और 7 अगस्त को संभाग स्तरीय आंदोलन करने का ऐलान किया है। महासंघ ने 2 दिवसीय आंदोलन और रैली के लिए पुलिस कमिश्नर रायपुर और जिला दंडाधिकारी को हड़ताल और रैली निकालने की अनुमति के लिए आवेदन किया है। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर लामबंद नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदर्शन करेंगे।

दरअसल, प्रदेशभर के 14 नगर निगम, 54 नगर पालिका, 124 नगर पंचायतों में कार्य करने वाले नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने मोर्चा खोल दिया है। महासंघ के अध्यक्ष खेमूलाल निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष संजय ऐडे ने बताया कि, पिछले 15 से 20 सालों से प्रदेश के नगरीय निकाय, नगरपालिका और नगर पंचायत में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों के मांगों की अनदेखी होने से प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। महासंघ की मांग है कि संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की भांति नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को भी संविदा दर पर पारिश्रमिक भुगतान किया जाए।

# हरदी में शाला विकास समिति का गठन शिक्षक के जन्मदिन पर हुआ नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शिक्षा के मंदिर प्राथमिक विद्यालय हरदी में बीते दिन दोहरी खुशियों का एक बेहद खूबसूरत और अनुकरणीय नजारा देखने को मिला। शाला परिसर में एक ओर जहाँ लोकतांत्रिक और सर्वसम्मति के माहौल में नई शाला विकास प्रबंधन समिति का गठन किया गया, वहीं दूसरी ओर स्कूल के कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक दीपक तिवारी का जन्मदिन बच्चों के साथ बड़े ही आत्मीय ढंग से मनाया गया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित बैठक में शाला के चहुंमुखी विकास के संकल्प के साथ नई प्रबंध समिति का गठन किया गया। इसमें चमन यादव को सर्वसम्मति से शाला विकास प्रबंधन समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने शाला के विकास और बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। उप सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत हरदी के उप सरपंच रुपनाथ बंजारे ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा की शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में उच्च संस्कारों का होना बेहद जरूरी है, क्योंकि सुशिक्षित और सुसंस्कारी बच्चे ही देश का उज्ज्वल भविष्य बनते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से रुपनाथ बंजारे अध्यक्ष उप सरपंच संघ एवं उप सरपंच, ग्राम पंचायत हरदी, चमन यादव अध्यक्ष शाला विकास समिति, थानु राम तारक शिक्षाविद शाला विकास समिति, चम्पा कंवर अध्यक्ष मिडिल स्कूल प्रबंधन समिति, धनेश्वरी मार्कण्डेय प्रधानपाठिका प्राथमिक शाला हरदी, और इंदु राजपूत प्रधानपाठिका टेंगनाबासा उपस्थित रहीं।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर कांग्रेस ने निकाली विजय रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद गरियाबंद में कांग्रेस ने विजय रैली निकालकर इसे छात्रों और युवाओं के संघर्ष की जीत बताया। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के मार्गदर्शन में आयोजित रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, अनुसूचित जनजाति कांग्रेस के प्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली जिला कांग्रेस भवन से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए तिरंगा चौक पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। रैली के दौरान छात्र हितों से जुड़े नारों के साथ परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग भी उठाई गई। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लाखों छात्र-छात्राओं के संघर्ष और विपक्ष द्वारा लगातार उठाए गए मुद्दों का परिणाम है। नेताओं ने आरोप लगाया कि परीक्षा संबंधी अनियमितताओं और शिक्षा व्यवस्था की खामियों को लेकर कांग्रेस लगातार सरकार को घेरती रही, जिसके दबाव में सरकार को आखिरकार शिक्षा मंत्री का इस्तीफा स्वीकार करना पड़ा।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केवल इस्तीफा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्र हितों के मुद्दे पर कांग्रेस का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

कारगिल युद्ध के अमर शहीद की धातु प्रतिमा का अनावरण

# शहीद कौशल यादव की प्रतिमा का सांसद बृजमोहन ने किया अनावरण, शहीद गैलरी बनाने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




कारगिल युद्ध के अमर शहीद कौशल यादव को उनके 27वें शहादत दिवस पर राजधानीवासियों ने नमन किया। इस मौके पर नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के सिविल लाइन आकाशवाणी चौक के समीप समारोह का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शहीद कौशल यादव की धातु निर्मित प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध के अमर शहीद कौशल यादव की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। उन्होंने प्रतिमा स्थल के पास शहीद गैलरी विकसित करने का सुझाव देते हुए कहा कि यहां देश के अन्य वीर शहीदों की प्रतिमाएं भी स्थापित की जानी चाहिए, ताकि नागरिक और युवा उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ सकें।

कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे ने शहीद नायक कौशल यादव का श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को राष्ट्र के लिए गौरवपूर्ण बताया। सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने जोन 4 आयुक्त डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी को प्रतिमा स्थल के आसपास रेलिंग लगाने, समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने और स्थल को अतिक्रमण से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, निगम के संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, पार्षद अर्जुन यादव, प्रमोद कुमार साहू, अजय साहू, पार्षद प्रतिनिधि संतोष हियाल, पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ यादव समाज पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ यादव समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जनक यादव ने और आभार प्रदर्शन जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने किया।

पेज 11 के शेष...

### गांजा तस्करी के...

रंग की बोलेरो (क्रमांक सीली 18 एल 6718) को रोककर तलाशी ली। वाहन से 2.982 किलोग्राम गांजा (कीमत 2,75,000), बोलेरो (कीमत 5,00,000) तथा 3 टचस्क्रीन मोबाइल (कीमत 50,000) जब्त किए गए। वाहन में सवार विधि से संघर्षरत बालक, उमेश यादव (27 वर्ष, निवासी कोसमबुड़ा, थाना छुरा) तथा जितेन्द्र बघेल (34 वर्ष, थाना फिंगेश्वर) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने बताया कि वे यह गांजा रायपुर के खरीदारों को बेचने जा रहे थे। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने गांजा खरीदने वाले आरोपी मोहम्मद शकील उर्फ राजा लाइट (35 वर्ष, गोकुल नगर टिकरापारा, रायपुर) और मोहम्मद फैजान बख्श (30 वर्ष, गोकुल नगर टिकरापारा, रायपुर) को भी गिरफ्तार कर लिया।**सूने मकान में गांजा बेचते दो युवक गिरफ्तार**-दूसरे मामले में 25 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर फिंगेश्वर पुलिस टीम ने ग्राम चैतरा मोड़ के पास एक सूने मकान में दबिश दी। वहां से दो युवकों महेश उर्फ शिवांश जांगड़े (21 वर्ष, निवासी ग्राम बोरसी) और लवीन कुमार जांगड़े (21 वर्ष, निवासी ग्राम बोरसी) को रंगे हाथों पकड़ा गया। इनके कब्जे से 7.979 किलोग्राम अवैध गांजा (कीमत 4,00,000) और 2 टचस्क्रीन मोबाइल (कीमत 20,000) जब्त किए गए। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नीलगिरि के पेड़ों...

हुई शाखाओं की शीघ्र कटाई-छंटाई नहीं होने पर किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। शिकायत के अनुसार उक्त स्थान पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का मंदिरों में आना-जाना लगा रहता है। इसके अलावा कलेक्टर निवास,सरकारी कार्यालयों और आसपास के क्षेत्र में आने-जाने वाले अधिकारी, कर्मचारी,जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे एवं आम नागरिक भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसे में यदि किसी समय पेड़ की शाखा टूटकर गिरती है तो जनहानि के साथ-साथ मंदिरों और आसपास की संपत्ति को भी नुकसान पहुंच सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मामला किसी दूरस्थ क्षेत्र का नहीं, बल्कि कलेक्टर निवास के सामने का है, जहां से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारियों का आवागमन होता है। इसके बावजूद लंबे समय से विभिन्न संबंधित अधिकारियों जिम्मेदारों को अवगत कराये जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं किये जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## खबर संक्षेप



### गांडा समाज के जगन्नाथ सोनवानी बने अध्यक्ष

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड अंतर्गत केंद्र सभा मंदागमुड़ा में आयोजित गांड़ा समाज की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में जगन्नाथ सोनवानी को कांदाडोंगर परिक्षेत्र गांड़ा समाज का अध्यक्ष चुना गया। वहीं तिरेश प्रधान एवं हुरेन्द्र प्रधान को उपाध्यक्ष तथा लोचन राम जगत को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। जगन्नाथ सोनवानी का नाम क्षेत्र में ऐसे शिक्षक के रूप में जाना जाता है जो बच्चों को केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके भविष्य और संस्कारों का भी पूरा ध्यान रखते हैं। विद्यार्थियों के प्रति उनका अपनापन, सहज व्यवहार और ईमानदार कार्यशैली ही उनकी सबसे बड़ी पहचान रही है। शायद यही कारण है कि समाज ने भी नेतृत्व की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर रख दी। अब समाज के लोगों को उम्मीद है कि जिस तरह उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक पहचान बनाई है, उसी तरह सामाजिक संगठन को भी नई दिशा और नई ऊर्जा देंगे।

### सर्व समाज समन्वय महासभा के जिलाध्यक्ष बने केशर निर्मलकर

**गरियाबंद।** सर्व समाज समन्वय महासभा के संविधान एवं विधान के प्रावधानों तथा प्रदेश कार्यकारिणी की सर्वसम्मत सहमति से केशर कुमार निर्मलकर को सर्व समाज समन्वय महासभा, जिला गरियाबंद का जिला अध्यक्ष



मनोनीत किया गया है। उनका कार्यकाल 24 जुलाई 2026 से आगामी तीन वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगा। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं कुलाधिपति प्रोफेसर (डॉ.) संजीव कर्मकार 'वशिष्ठ' ने कहा कि श्री निर्मलकर पूर्व में जिला सामाजिक समरसता संयोजक के रूप में समाजहित में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उनके अनुभव, समर्पण एवं संगठन क्षमता से गरियाबंद जिले में सामाजिक समरसता, संगठन विस्तार तथा विभिन्न समाजों के मध्य समन्वय को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महासभा का उद्देश्य हम सभी एक हैं की भावना को जन-जन तक पहुँचाना है। दायित्व ग्रहण करने के उपरांत केशर कुमार निर्मलकर ने कहा कि वे बिना किसी भेदभाव के सभी समाजों के मध्य समन्वय, सहयोग, सामाजिक सद्भाव एवं सामाजिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने महासभा के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों के अनुरूप संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) संजीव कर्मकार 'वशिष्ठ' तथा प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया और भगवान श्रीराम से सफल दायित्व निर्वहन की प्रार्थना की।

## दहशत : तीन दंतैल हाथियों का एक दल सक्रिय, ग्रामीणों में दहशत

# हाथियों की आमद-रफ्त ने बढ़ाई परेशानी सिरपुर क्षेत्र के अनेक गांवों में हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



सिरपुर क्षेत्र के निवासी और किसान एक बार फिर हाथियों की दहशत में गुजर कर रहे हैं। इलाके में तीन दंतैल हाथियों का एक दल सक्रिय है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने सुरक्षा के मद्देनजर दर्जनों गांवों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। वन परिक्षेत्र अंतर्गत हाथियों की मौजूदगी को लेकर वन विभाग ने चेतावनी जारी की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये तीनों दंतैल हाथी बीती रात रवान से छताल रोड की ओर बढ़े। इसके बाद वे ग्राम छताल की बस्ती के बिल्कुल करीब से गुजरे और यहां खेतों में लगी फसलों को बुरी तरह रौंद दिया। फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद ये हाथी आगे बढ़ते हुए वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 131, 132 और 54 के जंगलों में प्रवेश कर गए। वर्तमान समय में इन हाथियों का झुंड इसी जंगल क्षेत्र कक्ष क्रमांक 132, 131 और 54 में लगातार विचरण कर रहा है। वन विभाग के मैदानी कर्मचारी और हाथी मित्र दल लगातार इनकी गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

वन विभाग के ट्रैकिंग दल और विशेषज्ञों के आंकलन के अनुसार हाथियों की अगली चाल को लेकर भी अनुमान लगाया गया है कि ये दंतैल हाथी आने वाले समय में वन विकास निगम या आसपास के कक्ष क्रमांक 80, 46, 55, 53, 58 और 59 की तरफ रुख कर सकते हैं। इन कक्षों के जंगलों और इनसे सटे इलाकों में हाथियों के पहुंचने की संभावना है।

### इन गांवों के लिए हाई अलर्ट जारी

हाथियों के संभावित रुख को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के कई गांवों को अत्यधिक संवेदनशील मानते हुए हाई अलर्ट पर रखा है। जिन गांवों के ग्रामीणों को सबसे ज्यादा सतर्क रहने की हिदायत दी गई है, उनमें नांदबारू, तालाझर, छताल, रायकेरा, सुकुलबाय, अमलोर, मरौद, केशलडीह, खिरसाली, बंदोरा इन सभी गांवों और उनके आसपास के इलाकों में मुनादी करा दी गई है ताकि ग्रामीण अपनी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क रहें।

### वन विभाग की सख्त हिदायत और अपील

रेंजर सियाराम कर्माकर ने बताया है कि वन विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर जंगल के भीतर बिल्कुल न जाए। सुरक्षा के मद्देनजर मवेशियों को चराने, लकड़ी या अन्य वनोपज एकत्र करने के लिए जंगल की तरफ बिल्कुल न जाने की सहाल दी गई है। साथ ही हाथियों के दिखाई देने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाने और जानकारी विभाग को पहुंचाने की बात कही गई है।

## 107 लीटर अवैध शराब और 450 किलो महुआ लाहन जब्त, एक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने रविवार को खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोमा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब और महुआ लाहन बरामद किया गया है। मामले में विभाग ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश में तथा जिला आबकारी अधिकारी अजय पांडेय के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम ने ग्राम कोमा निवासी नरेश रात्रे पिता पवन रात्रे के घर और ठिकानों पर छापा मारा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध गतिविधियों का बड़ा जखीरा हाथ लगा। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, मौके से अवैध सामग्री जब्त की गई जिसमें हाथ भट्ठी महुआ शराब 100 लीटर अनुमानित कीमत 20,000 रुपए, महुआ लाहन 450 किलोग्राम कीमत 22,500 रुपए, देशी प्लेन मदिरा 44 नग (सुपर-36 लेबल युक्त, प्रत्येक 180 मिली), कुल 7.29 बल्क लीटर कीमत 3,520 रुपए। कार्रवाई के दौरान कुल 107.29 बल्क लीटर मदिरा और 450 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। आरोपी नरेश रात्रे के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की गई है। आरोपी पर धारा 34(1)(क)(च), 34(2) और 59(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना और जांच आबकारी उपनिरीक्षक आनंद स्वर्णकार द्वारा की जा रही है। टीम में हृदय कुमार तिरपुड़े, अनिल कुमार झारिया, आरती साहू और चेतना वर्मा शामिल रहे। इनके साथ महासमुंद आबकारी विभाग का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

### लगातार जारी रहेगा अभियानः पांडेय

जिला आबकारी अधिकारी अजय पांडेय ने कहा है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। इसी के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# डायमंड एवं दीक्षा साहू बने छात्र संघ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





पंडित वासुदेव शर्मा द्वारा संचालित परमेश्वरी हायर सेकेण्डरी स्कूल, तर्री नवापारा में सत्र 2026-27 के छात्रसंघ चुनाव का आयोजन निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यालय में छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व एवं निर्वाचन मूल्यों का विकास करने के उद्देश्य से चुनाव प्रत्यक्ष गुप्त मतदान प्रणाली के माध्यम से सम्पन्न कराया गया। मतदान हेतु विद्यालय में तीन पोलिंग बूथ बनाए गए थे। प्रत्येक मतदाता का पहले निर्वाचन सूची से सत्यापन किया गया, तत्पश्चात अमिट स्याही लगाई गई तथा मतपत्र पर मोहर लगाकर मतपेटी में मतदान कराया गया। इस संपूर्ण प्रक्रिया ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं निर्वाचन प्रणाली की व्यावहारिक समझ प्रदान की। छात्रसंघ के विभिन्न पदों के लिए 40 छात्र-छात्राओं ने नामांकन प्रस्तुत किया। मतदान उपरांत मतगणना पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई, जिसमें अध्यक्ष बालक वर्ग डायमंड गिलहरे 93 मतों से, अध्यक्ष बालिका वर्ग दीक्षा साहू 127 मतों से, उपाध्यक्ष बालक वर्ग रोहित साहू 163 मतों से, उपाध्यक्ष बालिका वर्ग ईशा साहू 6 मतों से, कोषाध्यक्ष बालक वर्ग विशाल साहू 82 मतों से, कोषाध्यक्ष बालिका वर्ग आलिमा खानम 6 मतों से, सचिव बालक वर्ग वेदांत साहू 85 मतों से, सचिव बालिका वर्ग डाली देवांगन 16 मतों से, सहसचिव बालक वर्ग लियांश महार 1 मत से तथा सहसचिव बालिका वर्ग दीपिका देवांगन 19 मतों से विजयी घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव के. के. देवांगन, प्राचार्य बी. आर. यादव, उपप्राचार्य आर. एस. अग्रवाल, उपप्राचार्या पूजा देवांगन टिकेन्द्र बंजारे ,तुकेश चक्रधारी ,भेषण साहू ,लोकेश्वरी साहू ,वर्षा मिश्रा ,दुर्गा साहू ,सीमा पारकर ,भुवनेश्वरी सेन ,रचना साहू ,भानुमति ध्रुव ,मनीष चक्रधारी ,सुदर्शन ताम्रकर ,मोंगरा यादव ,ईश्वरी साहू ,रेणु ,छोटू मानिकपुरी सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य बी. आर. यादव ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

# अकलवारा स्कूल में सरदार पटेल की जयंती पर प्रतियोगिताएं व पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 25 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय चेतना एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के लिए सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव, साइबर हेल्पलाइन 1930 का उपयोग, यातायात नियमों का पालन, नशा मुक्ति अभियान, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम की उपयोगिता, छत्तीसगढ़ पुलिस के अभिव्यक्ति ऐप एवं समाधान ऐप की महत्ता जैसे समसामयिक विषय निर्धारित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। अधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। डीएसपी सुश्री गरिमा दादर ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में सामाजिक, कानूनी, साइबर सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एस. के. वर्मा, डीएसपी सुश्री गरिमा दादर, ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल, ओमप्रकाश भारती, राजकुमार मरकाम, नागेश्वर, महिला सैनिक भारती साहू, घसिया निषाद, समाजसेवी शीतल ध्रुव, धर्मराज साहू, कुश कुमार दीवान, डी. एस. दीवान, पोषण कुमार टोंडर, चेतना चंद्राकर, वर्षा रामटेके, पुरुषोत्तम डड़सेना, घनौद कुमार कनौजे, अरुण साहू, अनिल सलाम, भुनेश्वरी दीवान सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया संकल्प दिवस



**राजिम।** शहर के श्रीराधाकृष्ण मंदिर परिसर में राजिम विभाग की कार्यवाहिका योगिता सिन्हा एवं बौद्धिक प्रमुख सोनल महाड़िक के नेतृत्व में आयोजित संकल्प दिवस में राजिम एवं नवापारा नगर की मातृशक्तियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण, प्रार्थना एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर राजिम नगर की कार्यवाहिका योगिता सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र सेविका समिति सेवा समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करती है। समिति का मुख्य उद्देश्य महिला जागरण एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की दिशा में कार्य करना है। भारतीय नारी सारे विश्व में अग्रणी होकर अपना परचम लहरा रही है। आने वाली शताब्दी मातृ शक्तियों की शताब्दी है। आधुनिक होने के लिए प्राचीनता छोड़ने नहीं पड़ती। राष्ट्र प्रथम एवं राष्ट्र सर्वोपरि के उद्देश्य से समिति महिला उत्थान एवं स्वालंबन के लिए राष्ट्र सेविका समिति प्रतिबद्ध है। संकल्प दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अंजली घाडगे, प्रीति पांडे, रेनू सेन, गुंजन शिंदे, सविता यादव, रेणुका तिवारी, सविता कंसारी, रेखा वंजारी, रोशनी साहू, प्रेमा ठाकुर, भावना यादव, नीरा यादव, मीरा साहू एवं बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां उपस्थित रही।

# भेण्डरी में लोगों ने सुनी पीएम की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबाँधा



बूथ क्रमांक 233 भेण्डरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारियों ने सुना। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने वाला जनआंदोलन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं को सकारात्मक सोच, सेवा, नवाचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के संदेशों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुँचाने का कार्य करेगा, जिससे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। जिलाध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि आज देश का युवा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने, समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करेगा। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा कोपरा मंडल अध्यक्ष पोषण साहू, जेन्जरा शक्ति केंद्र के सहप्रभारी भूषण साहू, ग्राम पंचायत रवेली के उपसरपंच पुखराज साहू, बूथ अध्यक्ष धनंजय साहू, पुराण साहू, केशव ध्रुव, कुशाल ध्रुव, रूपेश यादव, हिमांशु साहू, संजय साहू, खोमेश्वर साहू, आदि साहू, सौरभ ध्रुव सहित भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को जन-जन तक पहुँचाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सुनिश्चित कराने तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

### ग्रामीणों ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**मैनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के 136 वें एपिसोड में पूरे भारत में लोगों के द्वारा सुना गया। वहीं दूरस्थ वनांचल ग्राम कुल्हाड़ीघाट जिसकी पहचान विशेष कमार जनजाति के नाम से पूरे देश जाना जाता हैं जहां ग्रामिणों के द्वारा मन की बात कार्यक्रम के तहत लोगों ने बड़े उत्साह के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को सुना। इस मौके पर भाजपा नेता दिनेश शर्मा मनोहर बघेल व ग्रामीणजन उपस्थित थे।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | मिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विदेशी ताकतों के इशारे पर देश में अस्थिरता फैलाने की कोशिश : चंदूलाल

**राजिम।** नीट पेपर लीक के मामले में कॉकरोच जनता पार्टी और विपक्षियों के ऊपर प्रहार करते हुए छ ग स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि जिस नीट पेपर लीक को आधार बनाकर वे लोग देश में आग लगाना चाहते हैं, उस नीट के री-एग्जाम में लगभग 20 लाख छात्र शामिल हुए और रिजल्ट आने के बाद उनमें से 11 लाख 60 हजार छात्र क्वालीफाई कर गए हैं। अब आप सोचिए कि जब नीट के सभी छात्र री-एग्जाम में शामिल हुए, तो फिर दिल्ली में कौन हंगामा कर रहा है? श्री साहू ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी वाले, देश में सत्ता पलट का लगातार प्रयास कर रहे विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं, ये लोग वही मॉडल अपना रहे हैं, जो विदेशी ताकतों के ही इशारों पर श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में वहां के युवा अपना चुके हैं। उन युवाओं ने व्यापक स्तर पर आगजनी की सरकार से जुड़े लोगों को मारा, उनके घरों में आगजनी की, संसद तक को फूंक डाला गया। आज वहां क्या स्थिति है? वे सभी देश आज विकास में पिछड़ गए हैं। 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापकों ने इसी मॉडल को दिल्ली में धरातल पर उतारने का असफल प्रयास किया। सोचिए अगर प्रदर्शनकारी संसद तक पहुंच जाते, तो वे संसद में भी घुस जाते और फिर वहां मौजूद सरकार और विपक्ष के नेताओं का कत्ल-ए-आम हो सकता था।



### शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त : तेजराम विद्रोही

**राजिम।** भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने जंतर-मंतर पर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज बुलंद करने वाले विद्यार्थियों और युवाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं ने संवैधानिक दायरे में रहकर अपने अधिकारों और भविष्य की रक्षा के लिए जो जागरूकता दिखाई है, वह लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार छात्रों की जायज चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाएगी। तेजराम विद्रोही ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा जारी सार्वजनिक पत्र और त्यागपत्र की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता के विश्वास की रक्षा करना है।



### युक्तियुक्तकरण से सरकारी शिक्षा व्यवस्था हुई बदहाल : विनोद

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा है कि सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर लिया गया निर्णय प्रदेश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बदहाल करने पर आमादा है। विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के स्कूल सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि केवल महासमुंद जिले में ही युक्तियुक्तकरण के अव्यवहारिक स्थानांतरणों के कारण 60 से अधिक विद्यालय आज एकल शिक्षकीय स्थिति में पहुंच गए हैं, जबकि कुछ स्कूल ऐसे भी हैं जहां एक भी शिक्षक नहीं है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और सीखने की प्रक्रिया पर पड़ा है। पूर्व विधायक चंद्राकर ने कहा कि प्राथमिक शालाओं में मात्र दो शिक्षकों के भरोसे बालवाड़ी से लेकर पांचवीं तक की सभी कक्षाओं का संचालन, साथ ही कार्यालयीन कार्य और अन्य गैर-शैक्षणिक जिम्मेदारियों को निभाना किसी भी दृष्टि से संभव नहीं है। माध्यमिक विद्यालयों की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। शिक्षकों की भारी कमी के कारण विषयवार पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शिक्षा की गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है।

## ग्रामीणों ने दी चेतावनी : समय रहते मरम्मत न हुई तो धान संग्रहण केंद्र जाने वाले ट्रकों को रोकेंगे

# राज्यपाल गोदग्राम मड़वाडिही से कुण्डेल मार्ग जर्जर, ग्रामीण चार साल से झेल रहे परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत मुख्य मार्ग से मड़वाडिही, बिजली, खुडियाडिही, खुटेरी, सिर्रीखुर्द और कुण्डेल गांव होते हुए राजिम-छुरा मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली 12 किलोमीटर लंबी सड़क भारी दुर्दशा का शिकार है। वर्तमान में यह सड़क 'डबरा' नुमा गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे इस मार्ग पर चलना किसी जोखिम से कम नहीं है। विडंबना यह है कि इसी मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत बिजली और उसका आश्रित ग्राम मड़वाडिही प्रदेश के महामहिम राज्यपाल का 'गोद ग्राम' है। इसके चलते यहां राज्य सचिवालय के उच्च अधिकारियों के अलावा गरियाबंद कलेक्टर और विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों का समीक्षा बैठकों के लिए लगातार आना-जाना बना रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सड़क की नई स्वीकृति या समय पर मरम्मत कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

**चार वर्षों से बारिश में झेल रहे दलदल का दर्द–** स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के दिनों में तो किसी तरह आवागमन हो जाता है, लेकिन बीते चार वर्षों से बारिश के मौसम में पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है। सड़क पर बने हर कदम पर गहरे गड्ढे और उनमें भरा पानी हादसों को न्योता दे रहा है। क्षेत्रवासियों ने स्थानीय सरपंचों, जनपद सदस्यों और राजनीतिक पदाधिकारियों पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र के अधिकांश जनप्रतिनिधि सत्ता पक्ष से जुड़े होने के बाद भी सरकार तक इस गंभीर जनसमस्या को मजबूती से नहीं पहुंचा सके।

**फंड उपलब्ध नहीं–** रवि देवांगन अधिकारी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने कहा की संबंधित ठेकेदार को निर्देशित कर सड़क के गड्ढों को भरवाने का कार्य कराया जाएगा। हालांकि सड़क की मेंटेनेंस अवधि समाप्त हो चुकी है और वर्तमान में इसके मरम्मत के लिए पृथक से फंड उपलब्ध नहीं है, फिर भी जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए तात्कालिक मरम्मत का प्रयास किया जाएगा।



### धान संग्रहण केंद्र कुण्डेल भाठा जाने वाले भारी वाहनों से बढ़ी मुसीबत

इसी जर्जर मार्ग पर जिला धान संग्रहण केंद्र कुण्डेल भाठा स्थित है, जहां खरीफ सीजन के दौरान प्रतिदिन सैकड़ों भारी-भरकम ट्रक और छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। भारी वाहनों के दबाव से सड़क की हालत और अधिक खस्ताहाल हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कलेक्टर, पीएमजीएसवाई विभाग और क्षेत्रीय विधायक से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। आक्रोशित हजारों ग्रामीणों ने एक स्वर में मांग रखी है कि यदि शीघ्र ही सड़क की मरम्मत या नई स्वीकृति नहीं दी गई, तो आगामी दिनों में वे कुण्डेल भाठा स्थित धान संग्रहण केंद्र जाने वाले ट्रकों के आवागमन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने को बाध्य होंगे।

### गौरघाट से गिरहोला मार्ग जर्जर

मैनपुर। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूर्व में निर्माण किए गए सड़को की हालत बेहद खराब होती जा रही है जिसके चलते राहगिर भारी परेशान हो रहे है गौरघाट से गिरहोला तक 2020 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों रुपए की सड़क निर्माण का रिपेरिंग किया गया था। यह सड़क रिपेरिंग के दूसरे वर्ष ही जर्जर और खराब हो गया। इन दिनों लगातार बारिश से सड़क में सैकड़ों गड्ढे में पानी भर गया है जिसमें आए दिनों लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इस मार्ग से डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के साथ ही एक दर्जन से अधिक ग्रामों के हजारों लोगों का आना -जाना लगा रहता है। लेकिन जर्जर सड़क के कारण लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच खेलन दीवान, देहारगुड़ा के सरपंच महेश दीवान वरिष्ठ ग्रामीण देवन नेताम पूर्व सरपंच डिगेश्वरी साण्डे, लोकेश साण्डे, पवन दीवान, सोहन नागेश, त्यागी नेताम शिव दयाल साण्डे एवं क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया की कई बार सड़क मरम्मत की मांग कर चूके है अधिकारी आकर सड़क का निरीक्षण भी कर चूके है लेकिन अब तक सड़क मरम्मत नहीं हुआ है जिसके कारण आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है।



# हथखोज में रोहित साहू ने कार्यकर्ताओं के संग सुनी पीएम मोदी की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम हथखोज के बूथ क्रमांक 3 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय एवं प्रेरणादायी रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के देश के विकास, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के उपरांत कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों में एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है। यह रेडियो कार्यक्रम देश के हर कोने में समाजहित के लिए असाधारण कार्य कर रहे आम नागरिकों की गाथाओं को उजागर करने का एक महाअभियान है। हमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से अपने क्षेत्र व गांव के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस दौरान प्रमुख रूप से सरपंच बलराम निषाद,पूर्व सरपंच नरेश निषाद, बूथ अध्यक्ष कलेश्वर साहू, उपसरपंच जोगेश्वर यादव, मनोहर साहू, मंगतू राम साहू, जगनाथ साहू, संतोष निषाद, कुंतराम निषाद, अशोक यादव, बिसौहा निषाद, रामाधार निषाद, उमेंद साहू, दयाराम साहू, चितरेखा निषाद, पंचोबाई निषाद, दुकाला ध्रुव, ग्राम पंचायत के पंचगण रेखा साहू, परमेश्वरी ध्रुव, पार्वती यादव, जयंती निषाद, बिटावन बांधे, पिंकी साहू सहित गांव के बुजुर्गों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को आत्मसात करने और राष्ट्र निर्माण एवं गांव के विकास में अपना शत-प्रतिशत योगदान देने का संकल्प लिया।



# पाटसिवनी में लावारिस गौवंश की समस्या प्रशासन व गौसेवकों से प्रबंधन की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)



ग्राम पंचायत पाटसिवनी, जनपद पंचायत छुरा, जिला गरियाबंद में किसानों ने लावारिस गौवंश की बढ़ती समस्या को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र में लगभग 100 से 130 लावारिस गाय एवं बैल खुले में घूम रहे हैं, जो किसानों की खेतों में तैयार खड़ी फसलों को लगातार नुकसान पहुँचा रहे हैं। इससे किसानों में भारी चिंता और आक्रोश है। बैठक में उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों ने कहा कि यदि कोई गौ रक्षक, गौ सेवक, गौशाला संचालक या संबंधित संस्था एवं कोई व्यक्ति, इन लावारिस मवेशियों के संरक्षण एवं उचित प्रबंधन की जिम्मेदारी लेना चाहती है, तो वह शीघ्र ग्राम पाटसिवनी से संपर्क कर सकती है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामवासी कानून के दायरे में रहकर प्रशासन के सहयोग से अपने स्तर पर उचित व्यवस्था बनाने के लिए बाध्य होंगे। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि ग्राम में किसानों की समस्या के समाधान हेतु लिए गए निर्णय में किसी भी बाहरी संगठन द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप उचित नहीं होगा। सभी पक्षों से शांति बनाए रखते हुए प्रशासनिक प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में सरपंच चम्पेश्वर ध्रुव, उप सरपंच श्री रूप नारायण माण्डले, पंच श्री पुराणिक दूबे, पंच श्री तिजराम कंवर, ग्रामीण अध्यक्ष कार्तिक दीवान, ग्रामीण उपाध्यक्ष श्री मोहन दीवान, कोषाध्यक्ष श्री दशरथ ध्रुव, संरक्षक लछन ध्रुव,धनाऊ माण्डले, देव नारायण साहू, रोहित खड़िया, गोपाल विश्वकर्मा, दीपक, सरवन, चैतराम, हेम कुमार, प्रदीप सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन से लावारिस मवेशियों के स्थायी एवं त्वरित समाधान की मांग की, ताकि किसानों की मेहनत और उनकी फसल सुरक्षित रह सके।

# देवशयनी एकादशी पर स्वर्गीय विजय की स्मृति में किया गया पौधारोपण

**मुड़ागांव (कोरासी)।** देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर ग्राम भैरा के यदु परिवार द्वारा मुक्तिधाम परिसर में स्वर्गीय विजय यदु की पुण्य स्मृति में वट एवं पीपल के पौधों का वृक्षारोपण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर परिवारजनों एवं ग्रामवासियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि वृक्षारोपण केवल श्रद्धांजलि का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में भुगेश यदु, टिकेश यदु, पंकज यदु, धीरज यदु, गीतांश यदु, रितेश यदु एवं ओंकार यदु सहित ग्राम के तीरथ निर्मलकर, सुखराम विश्वकर्मा, एसराम दिवान, लक्ष्मण ध्रुव, जीवराखन तथा विशेष रूप से नवापारा ग्राम के पटेल कृष्ण यदु की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने स्वर्गीय श्री विजय यदु को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके आदर्शों को स्मरण किया तथा पौधारोपण के माध्यम से प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लिया।



# छांटा में 11 बरगद पौधों का किया गया रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण के निर्माण के उद्देश्य से ग्राम छांटा में श्री हनुमान चालीसा समिति के तत्वावधान में 11 छायादार बरगद के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने किया। इस अवसर पर कृष्णा साहू ,गैन्द साहू, उमेंद साहू, खिलेश साहू, विष्णु यादव, राहुल साहू, हेमंत यादव, एकलव्य साहू, कौशल साहू एवं कनेश्वर साहू सहित अन्य सदस्यों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बरगद का वृक्ष भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है। यह न केवल घनी छाया प्रदान करता है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, ऑक्सीजन उपलब्ध कराने और जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने ग्रामवासियों से अपील की कि वे वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करें। समिति ने भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जनजागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। इस वृक्षारोपण अभियान से ग्राम छांटा में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संदेश गया तथा लोगों ने समिति के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

फोटो नं 08



## बिंद्रानवागढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

# आमदी द के बूथ 62 में लोंगो ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें संस्करण का प्रसारण रविवार को बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमदी 'द' स्थित बूथ क्रमांक 62 में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों के साथ सुना गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से संवाद करते हुए राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत, युवाओं की भूमिका, देश की सुरक्षा क्षमता, पर्यावरण संरक्षण और वीर जवानों के बलिदान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम एवं जिला मीडिया सह प्रभारी रितेश यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों से सीधे संवाद का एक प्रभावी माध्यम है।

### बूथ स्तर से मजबूत होता है संगठन: अनिल चंद्राकर

वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर से होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने तथा जनसेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील आमजनों से की है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान बूथ अध्यक्ष लक्ष्मण देवंशी, लता वर्मा, घनश्याम देवांगन, रविकांत वर्मा, महेश ध्रुव, कोमल ध्रुव, कमलेश बाई, जानकी बाई, मानबाई, चैतीबाई, विजय दास, पंचराम ध्रुव, कीर्तन निषाद, धनेश्वर ध्रुव, रामलाल ध्रुव, फागुराम, शंकर लाल, विजय कुमार ध्रुव, नंदरेश, योगेंद्र ध्रुव, मोनू देवांगन, गणेश ठाकुर, टीमक सोम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



